DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan)
(राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय)
("RUSA BHAWAN", Shiksha Sankul, JLN Marg, Jaipur – 302015)
(रूसा ब्लॉक– भूतल, डॉ. आर. के. शिक्षा संकुल, जयपुर–302015)
Phone No- 0140-2940506, 0141-4082630
Email- coe@alujaipur.ac.in
www.alujaipur.ac.in

क्रमांक 4(3)/परीक्षा/अविवि/2022–23/8109 दिनांकः– 12-5-2023

समस्त प्राचार्य,
सम्बद्ध विधि महाविद्यालय (संचालित पाठ्यक्रम बी.ए./बी.बी.ए. एल एल. बी.),
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय,
जयपुर

**विषयः–** बी.ए./बी.बी.ए. एलएल. बी. पाठ्यक्रम के पंचम सेमेस्टर की कक्षायें प्रारम्भ कर पाठ्यक्रम शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में।

**सन्दर्भः–** विश्वविद्यालय समसंख्यक कार्यालय अधिसूचना क्रमांक 1602-1609 दिनांक 11.07.2022 व 1859-1867 दिनांक 23.07.2022

महोदय/महोदया,

उक्त संदर्भित जारी अधिसूचना दिनांक 11.07.2022 व 23.07.2022 की निरन्तरता में आपको अवगत कराया जाता है कि बी.ए./बी.बी.ए. एलएल. बी. चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2021–22 की सैद्धान्तिक व प्रायोगिक परीक्षायें सम्पन्न हो चुकी हैं। अतः उक्त अधिसूचना में उल्लेखित नियमानुसार योग्य छात्रों को तुरन्त प्रभाव से सत्र 2022–23 के पंचम सेमेस्टर में अस्थायी प्रवेश देकर कक्षायें प्रारम्भ की जावें।

चूंकि ये छात्र सत्र 2020–21 में नामांकित हुए है व कोरोनाकाल के कारण इनका सत्र विलम्ब से संचालित है, अतः विलम्बित काल की आंशिक कमीपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए इन छात्रों की पंचम सेमेस्टर की सैद्धान्तिक परीक्षायें माह जुलाई 2023 में कराया जाना संभावित है। अतः ग्रीष्मावकाश में नियमित कक्षाएं लगायी जावें व अतिरिक्त कक्षायें लगाई जाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि इस सत्र में नामांकित छात्रों का आगामी अध्ययन व डिग्री समय पर पूर्ण करवाई जा सके।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय जिनमें सत्र 2020–21 में बी.ए./बी.बी.ए. एलएल. बी. पाठ्यक्रम के छात्र प्रवेशित हुए हैं व वर्तमान में पंचम सेमेस्टर में अस्थायी प्रवेश की योग्यता रखते हैं, का अध्ययन वि.वि. व बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति करते हुए माह जुलाई 2023 के मध्य तक पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें, ताकि विश्वविद्यालय परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में उचित निर्णय ले सकें।

(डॉ. नीरज जैन)
परीक्षा नियंत्रक

OP1 Hindi Letter MS